

## जल्द बॉलिवुड में डेब्यू करेंगी कॉमिडी किंग प्रियदर्शन की बेटी कल्याणी

बॉलिवुड में एक से बढ़कर एक कॉमिडी फिल्में देने वाले डायरेक्टर प्रियदर्शन की बेटी कल्याणी प्रियदर्शन साउथ की फिल्मों का जाना–पहचाना चेहरा हैं। अब कल्याणी जल्द ही हिंदी फिल्मों में भी डेब्यू करने वाली हैं।
हालांकि अभी यह फाइनल नहीं है कि कल्याणी कब और किस हिंदी फिल्म से डेब्यू करेंगी। इस बारे में प्रियदर्शन ने भी खुलकर बात की है। कल्याणी साउथ में तमिल, तेलुगू और मलयालम फिल्मों में काम कर चुकी हैं। 28 साल की कल्याणी ने साल 2017 में तेलुगू मूवी हेलो से बॉलिवुड में डेब्यू किया था। इस फिल्म को तेलुगू सुपरस्टार नागर्जुन ने प्रड्यूस किया था और फिल्म में उनके बेटे अखिल अक्किनेनी कल्याणी के साथ नजर आए थे। भले ही कल्याणी ने फिल्मों में अपना करियर बनाने का फैसला लिया है मगर उन्होंने इससे पहले काफी पढ़ाई–लिखाई की है। कल्याणी ने न्यू यॉर्क से आर्किटेक्चर डिजाइनिंग में बैचलर डिग्री हासिल की है। इसके बाद उन्होंने प्रॉडक्शन डिजाइनिंग का काम भी किया। कल्याणी ने भले ही ऐक्टिंग में 2017 में डेब्यू किया हो मगर वह इससे पहले भी फिल्मों में काम कर चुकी हैं। कल्याणी ने प्रॉडक्शन डिजाइन असिस्टेंट के तौर पर 2013 में आई फिल्म कृष 3 और 2016 में आई फिल्म इरु मुगन में काम किया था।

## काजोल की बहन तनीषा मुखर्जी ने बिकीनी में किया डांस

तनीषा पिछले कई दिनों से मालदीव में मस्ती वाली झलकियां दिखा रही हैं। इन तस्वीरों और वीडियो में कभी बीच पर दोस्तों के साथ मस्ती तो कभी स्कूबा डाइव का मजा लेती दिख रही हैं तनीषा। हाल ही में तनीषा ने मालदीव से अपनी मोनोकिनी वाली ग्लैमरस फोटोशूट की भी तस्वीरें शेयर की थीं। लेटेस्ट वीडियो में तनीषा ट्रेंडिंग म्यूजिक पर डांस करती दिख रही हैं। इस वीडियो में तनीषा काफी स्लिम–ट्रिम दिख रही हैं। इस वीडियो को तनीषा ने मजेदार कैप्शन के साथ शेयर किया है और कहा है– जब डाइव ट्रिप पर आपके बोट को पहुंचने में देरी हो और इसी बीच आप फर्स्ट रील ट्रेंड बनाने का वक्त निकाल लेते हैं। फैन्स ने तनीषा के इस रील की तारीफ की है और कहा है कि वह इस रील में काफी परफेक्ट लग रही हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो तनीषा फिल्म रोजीः सैफरन चैप्टर में नजर आनेवाली हैं। इस फिल्म से श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी डेब्यू करने जा रही हैं। फिल्म में अरबाज खान पुलिस इंस्पेक्टर की भूमिका में हैं।

## विकी कौशल–कटरीना कैफ की सगाई की अफवाह पर क्या था फैमिली का रिऐक्शन?



विकी कौशल के भाई सनी कौशल ने हाल ही में विकी कौशल और कटरीना कैफ की सगाई की अफवाहों पर रिएक्शन देते हुए मजेदार खुलासा किया है। एक न्यूज पोर्टल को दिए इंटरव्यू में सनी ने खुलासा किया कि जब हमारी फैमिली ने विकी और कटरीना की सगाई की अफवाह सुनी तो हमारे पूरे परिवार की हंसी नहीं रूक रही थी। जैसे ही यह खबर हमें मिली विकी उस वक्त जिम गए हुए थे। जब वह घर वापस आया, तो पापा ने मजाकिया अंदाज में विकी की टांग खींचते हुए कहा, सभी को मिठाई खिलाओ क्योंकि अब उसकी और कटरीना कैफ की सगाई हो गई है। विकी ने भी अपने पिता को पलट कर जवाब देते हुए कहा कि चूंकि सगाई काल्पनिक है, इसलिए मिठाई भी काल्पनिक होगी। सनी ने कहा कि हालांकि उन्हें नहीं पता था कि यह सब कहां से आया है, लेकिन हम सब खूब हंसे।
विकी और कैटरीना को लेकर काफी लंबे समय से यह खबर आ रही है कि वह काफी दिनों से डेटिंग कर रहे हैं। हालांकि वे इस बारे में खुलकर बात नहीं की है। लेकिन दोनों स्टार्स को अक्सर डिनर डेट, सोशल मीडिया पीडीए और आउटिंग पर साथ में स्पॉट किए जाते हैं।

# अब मुझे जिंदा नहीं रहना, मेरी जिंदगी का कोई मकसद नहीं

## दीपिका पादुकोण का दर्द सुन सिहर उठे अमितभ....

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



*दीपिका पादुकोण बॉलिवुड की उन चुनिंदा ऐक्ट्रेसेस में से हैं, जिन्होंने डिप्रेशन को लेकर सबसे पहले आवाज उठाई थी। दीपिका ने यह स्वीकार किया था कि वह डिप्रेशन का शिकार रही हैं और इसे बताने या इस पर बात करने में कोई बुराई नहीं है। शुक्रवार को दीपिका पादुकोण और फराह खान कौन बनेगा करोड़पति 13 के स्पेशल एपिसोड में पहुंची थीं। सामने शो के होस्ट अमिताभ बच्चन बैठे थे। इस दौरान दीपिका ने अपने डिप्रेशन के दिनों का अनुभव शेयर किया। दर्द बयान करते–करते न सिर्फ दीपिका बल्कि अमिताभ बच्चन भी भावुक हो गए। दीपिका ने कहा कि वह ऐसा दौर था जब उनकी जीने की इच्छा ही खत्म हो गई थी।*

**अमिताभ के सवाल के कारण शुरू हुई बात**

दरअसल, शो के दौरान होस्ट अमिताभ बच्चन ने दीपिका और फराह से पूछा कि वह किस नेक मकसद से क्विज शो में हिस्सा ले रही हैं? जवाब में दीपिका ने कहा कि वह 2014 में डिप्रेशन का शिकार रही हैं। इसके बाद उनहोंने एक मेंटल हेल्थ फाउंडेशन शुरू किया है, जो मेंटल हेल्थ को डीस्टिगमेटाइज करते हैं। इसी कड़ी में बात आगे बढ़ाते हुए दीपिका ने अपना वो दर्द बयान किया, जिसे सुनकर कोई भी सिहर उठेगा।

**कई बार... कई बार ऐसा हुआ...**

अमिताभ ने दीपिका से पूछा कि आपको कब यह महसूस हुआ कि आप डिप्रेशन से जूझ रही हैं? इस पर दीपिका ने कहा, श्अचानक मुझे ऐसा लगा कि मेरे पेट में एक अजीब सी फीलिंग होती थी, एक खालीपन महसूस करती थी। दीपिका ने डिप्रेशन से अपनी लड़ाई पर बात करते हुए कहा, वह ऐसा वक्त था, जब मैं काम पर नहीं जाना चाहती थी। किसी से मिलना नहीं चाहती थी। मैं कुछ नहीं करना चाहती थी। कई बार कई बार ऐसा हुआ... मुझे नहीं पता ये मुझे कहना चाहिए या नहीं, लेकिन जीने की इच्छा। मुझे लगता था कि अब मुझे जिंदा नहीं रहना है। मेरी जिंदगी का कोई मकसद नहीं है।' दीपिका यह बस बताते हुए भावुक हो गईं। अमिताभ भी दीपिका को एकटक देखते रह गए।



**फराह बोलीं- तब हम फिल्म की शूटिंग कर रहे थे**

कोरियोग्राफर और डायरेक्टर फराह खान ने शो में इस दौरान एक और खुलासा किया। उन्होंने अमिताभ बच्चन से कहा, 'जब ये डिप्रेशन में थीं, तब हमारी फिल्म 'हैप्पी न्यू ईयर' के लिए शूट कर रही थीं। हमें बिल्कुल भी अंदाजा नहीं लगा कि ये किस स्थिति से गुजर रहीं हैं। मैं तो बहुत साल तक सोच रही थी कि इसको ऐसा कुछ कभी हुआ ही नहीं।'

अमिताभ बोले– प्रार्थना है आप स्घ्वस्घ्थ रहें

इन बातों को सुन अमिताभ बच्चन ने दीपिका के लिए ईश्घ्वर से प्रार्थन की। उन्घ्होंने कहा, 'हम सब प्रार्थना करते हैं कि आप स्वस्थ रहें और कभी भी ऐसी स्थिति न आए। आपने अपनी बेहद पर्सनल बात हम सबके सामने कही। लोग यकीनन इससे प्रभावित होंगे और सोचेंगे कि यदि यह आपके साथ हो सकता है तो किसी के साथ भी हो सकता है।'

# शिल्पा को गणेश चतुर्थी पर आई पति राज कुंद्रा की याद

*गणेश चतुर्थी पर शिल्पा शेट्टी ने पति राज कुंद्रा की याद में एक दर्द भरा पोस्ट शेयर किया है। जो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। वीडियो में शिल्पा अपने बेटे वियान की हाथ पकड़कर आरती करवाते हुई नजर आ रही हैं। शिल्पा ने वीडियो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा,श्हर साल की तरह, इस साल भी हमारे गन्नू राजा साथ हैं, तो हर संकट की मात है।*



गणेश चतुर्थी पर शिल्पा शेट्टी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। इस वीडियो में शिल्पा अपने बेटे वियान और बेटी समीशा के साथ भगवान गणेश की पूजा करती नजर आ रही हैं। इस साल कई सेलेब्स ने बप्पा को अपने घर पर स्थापित किया है। हर साल की तरह इस साल भी शिल्पा शेट्टी, सलमान खान, सलमान खान की बहन अर्पिता खान सभी ने अपने घर पर बप्पा का स्वागत भव्य तरीके से किया है। अब शिल्पा ने गणपति बप्पा की आरती करते हुए एक वीडियो शेयर किया है। लेकिन सबसे ज्यादा जो लोगों का ध्यान खींच रहा है वह इस वीडियो को साथ शिल्पा का दर्द भरा पोस्ट। सोशल मीडिया यूजर्स शिल्पा के इस पोस्ट को उनके पति राज कुंद्रा के साथ जोड़कर देख रहे हैं।
ऐक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपने बेटे के साथ घर पर गणपति आरती का एक वीडियो शेयर किया है। वीडियो के साथ शिल्पा ने एक प्यारा सा पोस्ट भी शेयर किया है। वीडियो में शिल्पा अपने बेटे वियान की हाथ पकड़कर आरती करवाते हुई नजर आ रही हैं। शिल्पा ने वीडियो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा,श्हर साल की तरह, इस साल भी हमारे गन्नू राजा साथ हैं, तो हर संकट की मात है। हमारी वार्षिक परंपरा को बनाए रखते हुए, हमें आशीर्वाद भेजें। बप्पा की कृपा आपको आपकी सभी बाधाओं और बाधाओं को दूर करने में मदद करे।